हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

10 महात्मा गांधी मार्ग को बनाया जाएगा यातायात के लिए सुगम



10 हमारी राजभाषा हरियाणवी होनी चहिए: विद्यार्थी



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** पिल्लूखेडा मडी के निकट तेजरफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की साइड लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकास नगर निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### कैथल: राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**कैथल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानसुार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष मैहला की देखरेख में 10 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. नंदिता कौशिक आदि सुनवाई करेंगे।

### फर्जीवाड़ा करके पासपोर्ट बनवाने का आरोपी काबू

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने फर्जीवाड़े को अंजाम दे फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित हत्या के केस में उम्रकैद सजायाफ्ता है व जमानत पर आया था। जो कि विदेश भागने की तैयारी मे था। सोनीपत एसटीएफ ने तीन मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पटेल नगर नरवाना निवासी शेखर अपराधी प्रवृति का व्यक्ति है।

### युवक की हत्या के केस में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** बाजार में युवक पर हमला करके हत्या करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक अन्य आरोपी को काबू कर लिया गया। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी बीर भान ने बताया कि गांव चौशाला निवासी अमन की शिकायत अनुसार करीब वह एक साल पहले चौशाला निवासी उसके दोस्त कुलबीर, मोहित के साथ कलायत से बस में गांव जा रहे थे।

### मां-बेटी से मारपीट करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गावं बेरीखेडा मे मां बेटी के साथ मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बलाना पानीपत निवासी सरोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की उसकी बेटी मनीषा गांव बेरी खेडा में शादीशुदा है। मनीषा की पति के साथ अनबन हो गई थी।

### गले की नस काटकर की जीवन लीला समाप्त

**गुहला चीका।** पटियाला रोड पर सुनसान स्थान पर ब्लेड से अपने गले की नस काटकर आत्महत्या कर ली। चीका थानाध्यक्ष बलबीर सिंह ने बताया कि नस से ज्यादा खून बह जाने के चलते उसकी मौत हो गई। बताया कि उसकी जेब से ब्लेड का पैकेट मिला है और इसके अतिरिक्त कोई ऐसी चीज नहीं मिली, जिससे शिनाख्त हो। बताया कि शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

### दवा लेने निकली महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गोहाना रोड बाईपास घर से दवाई लाने की बात कह कर घर से निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गोहाना रोड बाईपास निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी दवा लाने की बात कहकर निकली थी।

### चाकू से हमला करके बैग छीनने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** चीका में शाम के समय बाइक दुकान से घर लौट रहे 2 भाइयों पर चाकू से हमला कर बैग छीनने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शक्ति नगर चीका निवासी सन्नी की शिकायत दर्ज करवाई थी।

# रोडवेज चालक और परिचालक की दादागिरी, किलाजफरगढ़ से युवक का अपहरण कर रोहतक ले जाकर मारपीट करने का आरोप

कार्रवाई की मांग




- युवक ने फ्लाईओवर के नीचे से बस ले जाने की कही थी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

किलाजफरगढ़ गांव में रोड़वेज बस चालक और परिचालक कर दादागिरी देखने को मिली। दोनों ने युवक का अपरण कर रोहतक ले जाकर मारपीट की और मोबाईल भी छीन लिया। इसकी शिकायत जुलाना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। किलाजफरगढ़ गांव निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार को दोपहर के समय वह गांव के हाइवे नंबर 352 को पार कर पानी पीने के लिए जलघर में गया हुआ था। जुलाना की ओर से आ रहे बस चालक ने हाइवे पर बस रोक दी और परिचालक ने उसे घसीट कर बस में डाल लिया और रोहतक बस स्टैंड पर ले गए। बस स्टैंड पर उन्होंने उसका मोबाइल भी छीन लिया। दोनों ने उसके साथ लोहे की पाइप से मारपीट की। उसके बाद उसे डायल 112 पर कॉल कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे चौंकी में बैठाए रखा। कुछ समय बाद पुलिस कर्मचारियों ने उसे छोड़ दिया। रोड़वेज बस चालक और परिचालक ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**नीचे से बस ले जाने के लिए सीएम विंडो पर शिकायत**

किलाजफरगढ़ गांव में एनएच 352 पर बसों को फ्लाईओवर के नीचे से ले जाने के लिए ग्रामीण जींद और रोहतक के रोडवेज जीएम को शिकायत दे चुके हैं। इसके अलावा सीएम विंडों पर इसकी शिकायत दे चुके हैं। इसके बावजूद भी रोडवेज बस चालक बसों को ऊपर से ही ले जा रहे हैं। युवक के साथ हुई मारपीट में ग्रामीण रोडवेज बस चालक और परिचालक की शिकायत लेकर जुलाना पुलिस थाने में पहुंचे और मामले की गहनता से जांच की मांग की।

## जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ के आश्वासन पर खोला

# पेयजल किल्लत से खफा महिलाओं ने नरवाना-पटियाला नेशनल हाइवे रोका

### पिछले काफी समय से बडसी पत्ती नरवानावासी बूंद-बूंद के लिए भटक रहे

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियतां के कार्यालय के बाहर विरोध प्रर्दशन किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बडसी पत्ती नरवाना की महिलाओं ने मंगलवार को पेयजल समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियतां के कार्यालय के बाहर विरोध प्रर्दशन किया। खफा महिलाओं ने नरवाना पटियाला नेशनल हाईवे रोक जाम लगा दिया और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। जाम लगने की सूचना पाकर शहर थाना नरवाना पुलिस तथा जनस्वाथ्य विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंच गए। एसडीओ ने समस्या का समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

बडसी पत्ती नरवाना की महिलाओं का मंगलवार को उस समय धर्य जवाब दे गया जब मोहल्ले मे पेयजल स्पलाई नहीं आई। खफा महिलाए जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियता कार्यालय पहुंच गई और नारेबाजी करने लगी। महिलाओं का जब संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वे नरवाना पटियाला नेशनल हाईवे पर आ गए और जाम लगा दिया। महिलाओं का कहना था कि पिछले काफी समय से पेयजल की समस्या उनके इलाके में बनी हुई है। भीष्ण गर्मी मे पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बाद भी समाधान नही हुआ। जाम लगने की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मौके पर पहुच गए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द मोहल्ले मे पेयजल पहुंचाने का प्रबंध किया जाएगा। इसके बाद महिलाओ ने जाम को खोल दिया।



पेयजल समस्या को लेकर नरवाना-पटियाला मार्ग जाम करते बडसी पत्ती के लोग।

**जल्द मिलेगी पर्याप्त पेयजल**

*जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नवीन ने बताया कि काफी दिनो से नहर बंद थी। जिसके चलते पेयजल स्पलाई मे दिक्कत आ रही थी। अब नहर में पानी आ चुका है। लोगो को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा।*



जींद। ट्रेनिंग के दौरान रणधीर मताना के साथ मौजूद सरपंच। *फोटो :हरिभूमि*

### बडौदी पंचायत पेयजल आपूर्ति व रख-रखाव के लिए तैयार

**जींद।** ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के संचालन व उसका रख-रखाव ग्राम पंचायतों द्वारा खुद किए जाने को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा तैयार की सिंगल विलेज सकीम को जींद ब्लॉक की बडौदी ग्राम पंचायत अपनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पास कर विभाग के पास आवेदन किया गया है। जल एवं स्वछता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने डीआरडीए में आयोजित अलेवा व पिल्लूखेड़ा ब्लॉक की सरपंच ट्रेनिंग मे सरपंचो को संबोधित करते कही। खंड समन्वयक सुरेंद्र दुग्गल ने जल संरक्षण, पेयजल जांच व स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया।



कैथल। चंदाना रोड पर जाम लगाती शक्तिनगर की महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

# कैथल: कूड़े का उठान न होने से परेशान महिलाओं ने लगाया जाम

- अनाज मंडी चौकी प्रभारी के आश्वासन पर खोला जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शहर के पास चंदाना रोड पर स्थित शक्ति नगर गांव में कूड़े का उठान न होने की समस्या पर मंगलवार को गांव की महिलाएं गुस्सा गई और चंदाना रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। महिलाओं ने प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया कि गांव में पिछले कई दिनों से कूड़े का उठान नहीं हो रहा, जिससे घरों के बाहर कचरे के ढेर लग गए हैं।उनका कहना था कि गांव में सफाई कर्मचारी मौजूद होने के बावजूद कचरे का उठान नहीं हो रहा। प्रशासन ने कचरा उठाने के लिए वाहन भी लगाए थे, लेकिन वे भी मौके पर नहीं पहुंचे। महिलाओं ने कई बार सरपंच से इस मुद्दे की शिकायत की थी, लेकिन किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद महिलाओं ने विरोध स्वरूप सड़क जाम करने का निर्णय लिया। उनका कहना था कि सफाई की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही थी, और इस कारण पूरे गांव में गंदगी फैल चुकी थी। जाम के दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रुक गई। हालांकि, पुलिस के आश्वासन के बाद महिलाएं शांतिपूर्वक जाम हटा कर समस्याओं को हल करने की उम्मीद से वापस चली गईं।

**महिलाओं को समझाया**

जाम की सूचना मिलते ही अनाज मंडी पुलिस चौकी प्रभारी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से संवाद किया और उन्हें समझाया कि यदि समस्या लंबे समय से है, तो उन्हें जाम लगाने के बजाय पहले पुलिस प्रशासन को सूचित करना चाहिए था। महिलाओं ने उनकी बात मानी और करीब डेढ़ घंटे के बाद जाम खोल दिया।

# पुराना बस अड्डे की पहली मंजिल पर अज्ञात शव मिला

- कंबल के ऊपर लेटा हुआ था मृतक, नहीं चोट के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पुराना बस अड्डे की जर्जर पहली मंजिल पर सीढियों के साथ बने कमरे से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के शरीर पर कोई चोट वैगरा का निशान भी नही है। शव लगभग दो दिन पुराना है। वही बस अड्डा की निचली मंजिल बाथरूम के पीछे बाइक का इंजन तथा चेसी भी मिली है। फिलहाल सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुराना बस अड्डा में मंगलवार शाम को पहली मंजिल पर बने कमरे में व्यक्ति का शव पडा देखा गया। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। मृतक ने मटमैली टी शर्ट, स्लेटी रंग की पेंट पहनी हुई है। नीचे कंबल बिछाया गया है। नजदीक दूसरा कंबल रखा हुआ है। मृतक के शरीर पर चोट का निशान भी नही दिखाई दे रहा है। आंशका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत नशे से हुई है। घटना का उस समय पता चला जब एक महिला जर्जर बस अड्डा की पहली मजिल पर चली गई। शव की दशा से दो दिन पुराना दिखाई दे रहा है।

**मामले की जांच जारी**

सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त नही हो पाई है। फोंरेसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। इंजन को भी कब्जे मे ले लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## प्रतिबंधित नशीली गोलिया और इजेक्शन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- लाइसेस निलंबन के दौरान दुकान चला बेच रहा था

जिला ड्रग कंट्रोलर ने सफीदो के निजी अस्पताल में लाइसेंस निलंबित कैमिस्ट शाप का औचक निरीक्षण किया। जिसके दौरान शाप चलती पाई गई। शॉप में प्रतिबंधित नशील दवाई भी मिली। जिनका रिकार्ड शॉप संचालक के पास नहीं मिला। जिला ड्रग कट्रोलर की शिकायत पर शहर थाना सफीदो पुलिस ने कैमिस्ट के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला ड्रग कंट्रोलर गीता ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि सफीदो के निजी अस्पताल में ऐचरा खुर्द निवासी शमशेर कैमिस्ट की शॉप चलाता है। जिसका लाइसेंस एक से पांच मई तक सस्पेंड किया था। जिसका निलबंन के दौरान औचक निरीक्षण किया गया तो शाप चलती मिली। निरीक्षण के दौरान शाप मे दो इंजेक्शन ट्रामाडोल व छह गोली, पेंटाजोनिक इजेक्शन तीन पाए गए। संचालक से दवा व इंजेक्शन के बिल व रिकार्ड मांगा तो वह दिखाने मे नाकाम रहा। जिस पर लाइसेंस निलंबन के दौरान शाप को खोलने दवा को बेचने पर उसे सील कर दिया गया। शहर थाना सफीदो पुलिस ने जिला ड्रग कंट्रोलर की शिकायत पर कैमिस्ट शमशेर के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खुशखबरी** कैथल व जींद रेल के माध्यम से हिसार से जुड़ेगा

# हिमाचल के अंब-अंदौरा से अंबाला तक चलने वाली मेमू रेलगाड़ी के विस्तार को बोर्ड से मंजूरी

### सांसद नवीन ने एक माह पूर्व ही रेलवे से ट्रेन चलाने की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पिछले लंबे समय से ट्रेन के माध्यम से हिसार की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही यह ट्रेन जिले के लोगों को मिलेगी। अब हिमाचल के अंब-अंदौरा से अंबाला चलने वाली मेमू ट्रेन के विस्तार को बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। अब इस ट्रेन के संचालन को लेकर केवल मंत्रालय से आदेश का इंतजार है। चंडीगढ़ से हिसार तक चलने वाली के मेमू ट्रेन के प्रस्ताव को जल्द ही अंतिम मंजूरी मिलेगी। ऐसे में अब 15 से 20 दिन तक इस ट्रेन के संचालन की तिथि जारी होगी। यह जानकारी सांसद के पीए की ओर से एक्स के माध्यम से दी गई है।

बता दें कि कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने एक माह पहले ही रेलवे से ट्रेन चलाने की मांग की थी। यह ट्रेन अंब अंदौरा से हिसार के रायपुर हरियाणा जंक्शन स्टेशन तक चलाई जाएगी। इस ट्रेन के संचालन के बाद कैथल और कुरुक्षेत्र ट्रेन के माध्यम से हिसार से जुड़ जाएगा। वहीं, इसकी समय सारिणी भी एक महीने पहले ही जारी कर दी गई है। समय सारिणी अनुसार यह ट्रेन चंडीगढ़ से कुरुक्षेत्र, कैथल होते हुए नरवाना से जाखल के रास्ते हिसार जाएगी।

इससे कैथल और आसपास के गांव के लोगों को चंडीगढ़ व हिसार जाने के लिए ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी। वह बस से कम किराये में हिसार व चंडीगढ़ आ-जा सकेंगे। इस ट्रेन को चलाने के लिए रेलवे ने फिजिबिलिटी चेक कर ली है। फिलहाल कैथल से हिसार के बीच कोई ट्रेन का संचालन नहीं किया जा रहा है। जबकि चंडीगढ़ जाने के लिए दौलतपुर-साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।



**मंत्रालय से नोटिफिकेशन बाकी**

रेलवे की चंडीगढ़ से हिसार के बीच ट्रेन चलाने की योजना है। रेलवे ने फिजिबिलिटी चेक कर ली है। कैथल के आसपास के लोगों को हिसार और चंडीगढ़ जाने के लिए एक और ट्रेन मिल जाएगी। इसके लिए अंबाला के डीआरएम की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था। इसे मंजूरी मिल चुकी है। अब केवल रेल मंत्रालय की ओर से नोटिफिकेशन किया जाना बाकी है। -
*सतीश कुमार, स्टेशन अधीक्षक, कैथल।*

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS
REQUIREMENTS (For All Branches)
Primary Head, Nursery Head
PRT All Subjects
NTT Mother Teachers
VERY ATTRACTIVE SALARY
WALK-IN-INTERVIEW
SUNDAY, 11TH MAY 2025
Timing: 10:00 am to 2:00 pm.
Scan the QR Code and Apply
VENUE OF INTERVIEW:
At All The Respective Branches.
(Interested candidates can choose their nearest Branch.)
For Enquiry : 9416777736, 9466341799, 9934783153
SCHOOL CAMPUSES
MAHENDERGARH: 9466341799 | NARNAUL: 9468061387 | THANWAS: 9050784050 | DHANI MAHU: 9050007943 | JIND: 9053905361 | GURUGRAM SEC.92 : 9053905384 | GURUGRAM SEC.33: 9053905381 | REWARI: 8901167461 | SATNALI: 9812330666 | SOHALI (RAJASTHAN): 9991217659 | KOSLI : 9053002458 | HANSI : 9053905366 | KANINA: 9053048100 | MANDOLA: 7027134134
yaduvanshigroup.edu.in

खबर संक्षेप

### सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक कल

जींद। प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव गिरिश कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक का आयोजन आठ मई को लघु सचिवालय के सभागार में होगा। बैठक की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा करेगे। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।

### खेतों से केबल, मोटर और गेहूं चोरी, केस दर्ज

जींद। गांव कालवन खेतों से बीती रात चोरो ने दर्जनभर किसानो के खेतो से बिजली मोटर, बिजली केबल, गेहूं तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। गढी थाना पुलिस ने किसानों की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कालवन निवासी सतीश पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत मे बने कमरे का ताला तोड कर बिजली मोटर, गैस सिलेडर, स्मार्ट वाच व अन्य सामान को चोरी कर लिया। इसी प्रकार विजेंद्र, संदीप, विकास, राजेश, श्रवण, सतीश, सुरेश, नरेश, राजू, राजेश, तरसेम, रामबीर की केबल को चोरी कर लिया।

### इंस्टाग्राम पर डाले अश्लील फोटो, केस

जींद। महिला की इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील फोटो डालने पर सदर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
सदर थाना इलाका गाव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका इस्टाग्राम पर अकांउट है। किसी व्यक्ति ने यूएनआई से अशील फोटो उसके अकाउंट पर डाल दी। इसके चलते सामाजिक, मानसिक अपमानित करने की कोशिश की गई।

### मारपीट करने पर दो नामजद, जांच जारी

जींद। गांव मोहलखेडा मे भाई ने पत्नी के साथ मिल अपने बड़े भाई पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
गांव मोहलखेडा निवासी जयपाल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह खेत मे पानी दे रहा था। उसी दौरान उसका छोटा भाई यशपाल उसकी पत्नी सुमन के साथ खेत में पहुंचा और उस पर हमला कर दिया।

### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनि का पुनर्गठन

जींद। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की सफीदों ब्रांच का पुनर्गठन किया गया। यह चुनाव जिला प्रधान विजेंद्र शर्मा और जिला सचिव सतीश शर्मा की देख-रेख में सर्वसम्मति से हुआ। चुनाव में मुख्य रूप से राज्य समिति पूर्व मेम्बर कमल सैनी, जिला कमेटी सदस्य आशु राणा, ब्रांच सफीदों पीएच प्रधान सतपाल कुंडू, मंगतराम लड़वाल, अमित, अनिल सम्मिलित हुए।

### मंडियों में 6,89,770 एमटी गेहूं की आवक

जींद। जिले में रबी सीजन के अंतर्गत गेहूं की खरीद एवं उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रगति पर है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में खरीदे गए गेहूं के त्वरित उठान को सुनिश्चित किया जाए। ताकि फसल को बारिश से नुकसान न हो और भंडारण की समुचित व्यवस्था बनी रहे।
उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों की सुविधा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंडियों की व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए।

### साफ्ट टॉयज बनाने का दिया प्रशिक्षण

जींद। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से गांव बिशनपुरा में चलाए जा रहे 14 दिवसीय सॉफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। 31 महिलाओं और युवतियों ने सॉफ्ट टॉय बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्यातिथि के रूप में ऋण विभाग से आशीष ने शिरकत की। आशीष लोहान ने महिलाओं को अपने जीवन में आगे बढने और अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया।

## एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने किया निरीक्षण

# महात्मा गांधी मार्ग को बनाया जाएगा यातायात के लिए सुगम

### जन्मेजय स्टेडियम में खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाई जाएंगी सुविधाएं : एसडीएम

### बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर किए जाएंगे ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


सफीदों। महात्मा गांधी मार्ग का निरीक्षण करते एसडीएम पुलकित मल्होत्रा।

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने मंगलवार को सफीदों शहर के मध्य से गुजरने वाले महात्मा गांधी मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इस मार्ग पर यातायात को बेहतर बनाने व इसी मार्ग पर स्थित महाराजा जन्मेजय खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ नपा सचिव आशीष कुमार, बिजली बोर्ड के एसडीओ अंकुश गर्ग, जेई लवकेश विशेष रूप से मौजूद थे। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि सफीदों शहर के मध्य में से गुजरने वाला महात्मा गांधी मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है। एसडीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की रोड पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर को अन्य उचित जगह पर ट्रांसफर किया जाए। उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमजी रोड पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वाहन चलाने व पैदल चलने में काफी परेशानी होती है इसकी तुरंत प्रभाव से मुरम्मत करवाई जाए। इसके अलावा सडक़ पर अन्य प्रकार की केबल व वाईफाई की तार जो जगह-जगह ढीली होने के कारण लटकी हुई है, उन्हें भी हटाया जाए अथवा उनके संचालकों को कहकर व्यवस्थित ढंग से लगवाया जाए। जिन दुकानदारों द्वारा अव्यवस्थित रूप से बोर्ड व फलेक्स लगाए हुए हैं, उनको भी दुरुस्त करवाया जाए। उन्होंने कहा कि एमजी रोड की चौड़ाई सही है लेकिन दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे अवैध रूप से रखे गए सामान के कारण इस पर भीड़ हो जाती है। उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि वह अपनी दुकानों के आगे सामान ना रखें। एसडीएम ने अधिकारियों को कहा कि सफीदों शहर में जन्मेजय एकमात्र ऐसा स्टेडियम है जहां खिलाड़ी अपना अभ्यास करने के लिए आते हैं। खिलाडय़ों के लिए यहां स्वच्छ पीने का पानी, शौचालय की साफ-सफाई, बिजली का उचित प्रबंध, अनावश्यक रूप से खड़े घास व झाडिय़ों की कटाई का कार्य करवाएं।

### तृणमूल कांग्रेस देश विरोध ताकतों को वोट बैंक के तौर पर कर रही प्रयोग : मलिक



जींद। देव हिदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि अबकी बार पश्चिम बंगाल तथा बिहार दोनों राज्यों में बनेगी भाजपा सरकार। तृणमूल काग्रेरस सरकार को वहां के लोग भली भांति देख चुके है। जिसके परिणाम सभी के सामने है। वहां का माहौल खौफ मय बना हुआ है। कानून व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ है। देश विरोधी ताकते बंगाल मे हावी है। उन्ही ताकतों का तृणमूल काग्रेस पार्टी वोट बैक के तौर पर प्रयोग करना चाहती है। बिहार में जेडीयू तथा भाजपा गठबधन सरकार ने अच्छा कार्य किया है। अगर भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ वहा पर सरकार बने तो बिहार की दिशा तथा दशा दोनो बदल सकती है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे बनी भाजपा सरकार विकास मे कोई कोर कसर नही छोड रही है। तरक्की के मामले मे देश नए आयाम छू रहा है। उन्होने कहा कि पीएम नरेद्र मोदी ने देश को दुनिया मे अलग पहचान दी है। भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप मे उभरा है। भारत की ताकत का लोहा दुनिया मान रही है। विपक्ष केवल लोगो को गुमराह कर बरगलाने की कोशिश कर रहा है। जब की देश की जनता अच्छी तरह से जानती है कि भाजपा सरकार की करनी तथा कथनी मे कोई अंतर नही है।

# दूसरों को डराना-धमकाना व तंग करना गलत व्यवहार : सीजेएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। छात्रों को जानकारी देती सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका की अध्यक्षता में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बेलरखां में मंगलवार को कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकरण सचिव मोनिका ने छात्रों को बताया कि दूसरों को डराना-धमकाना और तंग करना एक बहुत ही गलत व्यवहार है। जो किसी की भावनाओं को गहराई से आहत करता है। हमें सभी के साथ समानता, सम्मान और सहानुभूति के साथ व्यवहार करना चाहिए।
जब कोई व्यक्ति परेशान किया जाता है, तो हमें उसकी सहायता करनी चाहिए और उसके समर्थन में आवाज उठानी चाहिए। कहा कि बुलिंग और छेड़छाड़ न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाती हैं।


सीएचसी अलेवा में लोगों को अस्थमा के प्रति जागरूक करते मेडिकल आफिसर विरेंद्र।

### अस्थमा गंभीर श्वसन रोग: डॉ. विरेंद्र

अलेवा। सीएचसी अलेवा में एसएमओ डा. जितेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार विश्व अस्थमा दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश शर्मा ने की तथा मुख्य रूप से मेडिकल आफिसर डॉ. विरेंद्र ने भाग लिया। इस अवसर पर मरीजों को अस्थमा होने के कारण तथा बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. विरेंद्र ने कहा कि अस्थमा एक गंभीर श्वसन रोग है, जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में कठिनाई होती है। अक्सर देखने में मिलता है कि भीषण गर्मी या अधिक ठंड के मौसम में अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अस्थमा रोगियों के वायु मार्ग अत्यधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए कई बार छोटी सी लापरवाही की वजह से भी वायु मार्ग में सूजन बढ सकती है।

### बदमाशों ने दरवाजे पर हथौडे से किए वार, केस

जींद। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद है कि रात को तांगा चौक पर नकाबपोश दो बदमाशों ने एक घर के दरवाजे पर हथौडे से वार किए। मकान के आगे सीढ़ियों को तोड़ दिया। बदमाशों द्वारा की गई तोड़फोड़ की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई। शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ तोड़फोड़ करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तांगा चौक निवासी नितिन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की उनका उसके ताऊ के साथ जमीन को विवाद चला आ रहा है। रात को दो नकाबपोश बदमाशो ने हथौडे से वार कर लोहे के दरवाजे को तोडने की कोशिश की। इसमे दरवाजे पर लगी लोहे की कुछ पत्तियां टूट गई। बदमाशों ने उनके दरवाजे की सीढ़ियों को भी हथौडे से वार कर तोड़ डाला।

### वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर कार्यक्रम

जींद। सीआरएसयू में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, विशिष्ठ अतिथि प्रो. मदन मोहन, प्रदेश संयोजक विजय पाल, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, जिला संयोजक सुरेंद्र धवन ने की। भाजपा संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने वन नेशन वन इलेक्शन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, व्यावहारिक पक्षों और संवैधानिक जटिलताओं पर प्रकाश डाला। कहा कि किस प्रकार 1952 से 1967 तक देश में एक साथ चुनाव होते थे, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया टूट गई। विशिष्ठ अतिथि प्रो. मदन मोहन गोयल ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बताया कि कैसे बार-बार चुनावों से प्रशासन, समय और संसाधनों पर भार बढ़ता है।


कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा।



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते प्राचार्य सत्यवान मलिक व अन्य अतिथि।

### सचिन को मिला बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड

जींद। राजकीय महाविद्यालय में 58वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर एसडीएम सत्यवान मान ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजकीय कालेज जुलाना के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह शामिल हुए। प्राचार्य सत्यवान ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कालेज की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य उपलब्धियों का विवरण साझा किया गया। समारोह में 467 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिनमें 48 विद्यार्थियों को रोल ऑफ ऑनर, 161 विद्यार्थियों को कॉलेज कलर और 258 विद्यार्थियों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। बेस्ट स्टूडेंट का अवॉर्ड बीए तृतीय वर्ष के छात्र सचिन को दिया गया।इस अवसर पर डॉ. विशाल रेढू, डॉ. सतीश मलिक, डॉ. भगवान दास भी मौजूद रहे।

### वेदांता किड्स ने बच्चों को करवाया योगाभ्यास

नरवाना। वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को एक विशेष योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या रश्मि जैन द्वारा बच्चों को योग के महत्व को समझाते हुए हुई। इसके बाद योग प्रशिक्षक लक्षिता ने विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने प्रत्येक आसन के लाभों की जानकारी भी दी। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योग का अभ्यास किया और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप नैन ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी एकाग्र करता है।


नरवाना। बच्चों को योग करवाती अध्यापिका। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। बच्चों को नशा न करने के बारे में जागरूक करते हुए।

### नशे के विरुद्ध दिलाई शपथ

नरवाना। दनौदा गांव में स्थित सर्वजातीय बिनैन खाप के चबूतरे पर मंगलवार को सर्वजातीय बिनैन खाप ने गांव के एक सौ एक स्कूली बच्चों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। इस मौके पर खाप के प्रधान रघुबीर सिंह नैन ने कहा की अंग्रेजों और मुगलो से यह देश खोखला नहीं हुआ लेकिन आज हमारा देश नशे के कारण खोखला होता नजर आ रहा है। देश में जितने भी क्राइम हो रहे है उसमे सबसे बड़ी भूमिका अगर है तो वो आज नशे की है। इसलिए नशे से दूर रहकर अपना स्वस्थ जीवन यापन करें। इस अवसर पर खाप उपप्रधान भगतराम, कृषक समाज के प्रधान ईश्वर नैन, खाप कोषाध्यक्ष राममेहर नैन, खाप प्रवक्ता संदीप हरियाणा, प्रीतम नैन, बलबीर लोन, दारा धरोधी, रामकला नैन, भोमा धमतान, बलजीत नैन मौजूद रहे।


जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आग बुझाने की जानकारी देते फायर कर्मी।

### आग बुझाने के गुर सिखाए

जुलाना। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फायर ब्रिगेड के कर्मचरियों द्वारा अस्पताल के कर्मचारियों को आग बुझाने के गुर सिखाए गए। फायर ब्रिगेड कर्मचारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने पर आपातकाल में आग पर काबू कैसे पाया जा सकता है। इसके लिए मरीजों के साथ आए लोगों और कर्मचारियों को जागरूक किया गया है। आग लगने पर घबराएं नहीं बल्कि साहस से काम करें और तुरंत फायर ब्रिगेड को कॉल करें और बिजली और तेल से लगी आग पर पानी ना डालें बल्कि रेत को प्रयोग करें। अगर सिलेंडर में आग लग जाती है तो उस पर पानी से भीगी हुई बोरी डालकर काबू करें। आग बुझाते समय ज्यादा ढीले कपड़े ना पहने। आग की लपटें जल्दी आग पकड़ लेगी। दुसरों की जान के साथ साथ अपनी जान की भी परवाह करें।

# चेयरमैन ने जुलाना सभागार के नवीनीकरण का किया शुभारंभ

- अढ़ाई करोड़ की आएगी लागत, पहले लगे थे सवा चार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



कस्बे के सभागार के नवीनीकरण के शुभारंभ के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में चेयरमैन डा संजय जांगड़ा ने शिरकत की। चेयरमैन ने नारियल तोड़ कर कार्य का शुभारंभ किया। सभागार अढाई करोड़ की लागत से तैयार होगा। सभागार पर पहले सवा चार करोड़ की लागत आई थी लेकिन काम पूरा नहीं होने के कारण उद्घाटन नही हो पाया था। अब फिर से अढ़ाई करोड़ की लागत से सभागार का काम पूरा किया जाएगा। डॉ. संजय जांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है। जुलाना को विकास के मामले में पिछड़ा नही रहने दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में सभागार का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। अब फिर से उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कर नवीनीकरण का काम शुरू किया गया है। कुछ समय बाद ही जुलाना कस्बे के लोगों को एक आधुनिक सभागार मिलेगा जिसमें बेहतरीन साउंड सिस्टम लगाया जाएगा। सभागार को वातानुकूति बनाया जाएगा। सभागार में 500 कुर्सिया लगाई जाएंगी। इससे लोगों को बेहतरीन सुविधा मिलेगी। नपा सचिव पूजा साहू, ब्राहमण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप शर्मा, पार्षद राहूल, पार्षद संदीप, पवन सैनी, संग्राम सिंह राणा आदि मौजूद रहे।


राजकीय महाविद्यालय अलेवा में नशे के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करती डॉ. मधुबाला।

### नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या वीना कुमारी की अध्यक्षता में नशा विरोधी सेल द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नशा विरोधी सेल प्रभारी डा. मधुबाला ने किया। इस सेमिनार का मुख्य विषय नशामुक्त जीवन नायाब जीवन था। नशा विरोधी सेल प्रभारी डा. मधुबाला ने विद्यार्थियों को नशे के कारण युवा पीढी पर पड़ रहे बुरे प्रभावों के बारें में बताया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढी जितना इस नशे रूपी राक्षस से दूर रहेगी, उतना ही जीवन में सफल होगी। नशे के कारण आज के युवा जीने की चाह भी खो चुके हैं। इसलिए एक अच्छा जीवन जीने के लिए नशे से दूर रहना जरूरी है। अंत में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

## हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी कर रही ठोस काम

# हमारी राजभाषा हरियाणवी होनी चहिए: विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सीएम नायब सैनी से मिलते डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि हरियाणवी बोली संपूर्ण भाषा है जो किसी भी भाषा से कम नहीं है। इसलिए हरियाणा की राजभाषा हरियाणवी होनी चाहिए और इसे संवैधानिक दर्जा मिलना चाहिए। हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी इस दिशा में ठोस कार्य कर रही है। डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी गत दिवस हरियाणवी विद्वानों के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिले तथा यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि हरियाणवी केवल बोली नहीं है, अपितु भाषा है और हरियाणा में हरियाणा की अपनी भाषा होनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिष्टमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना तथा इस दिशा में उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि हरियाणवी भाषा में व्याकरण तैयार कर दी है तथा हिंदी हरियाणवी शब्दकोश भी तैयार किया गया है। हरियाणवी की लिपि के रूप में सभी विद्वानों ने एकमत होकर देवनागरी लिपि का समर्थन किया है। संविधान में मान्यता प्राप्त अनेक भाषाओं की लिपि भी देवनागरी है तो हरियाणवी भाषा की लिपि देवनागरी होने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उन्होंने हरियाणा में घूम घूम कर लगभग 1000 पुस्तकें तथा हरियाणवी पांडुलिपियों का संग्रह किया है।

### भाषा हर प्रदेश का आभूषण

इसी प्रकार हरियाणा साहित्य अकादमी हरियाणवी लेखन और पुस्तकों पर पुरस्कार देती है तो यह हरियाणवी भाषा की स्वीकारोक्ति है, तो भाषा बनाने में क्या दिक्कत है। भाषा प्रत्येक प्रदेश का आभूषण होती है भाषा के बिना किसी प्रदेश का श्रृंगार नहीं हो सकता। इसलिए हरियाणा को विभूषित करने के लिए हरियाणवी भाषा की सख्त जरूरत है। उनका नारा है हरियाणा एक हरियाणवी एक, म्हारी भाषा एक। उन्होंने आशा प्रकट की कि मई के महीने में ही कुरुक्षेत्र में विशाल स्तर पर हरियाणवी लेखकों, कलाकारों, साहित्यकारों का महाकुंभ आयोजित किया जाएगा तथा प्रदेश भर में हरियाणवी भाषा के प्रति सम्मान और जागृति भाव पैदा किया जाएगा। उनके साथ डॉ. पूर्णचंद शर्मा रोहतक, डॉ. जय नारायण शर्मा झज्जर, रामफल खटकड़, डॉ. अशोक चरखी दादरी, डॉ. बाबूराम कुरुक्षेत्र, सुरेश ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भेंट की।


अलेवा। नगूरां गांव में लोगों के खून की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### 78 लोगों की रक्त पटिकाएं बनाई

अलेवा। उप सिविल सर्जन मलेरिया जींद डॉ. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार डेंगू तथा मलेरिया के खात्मे के लिए स्वास्थ्य विभाग की सात टीमें निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में नगूरां गांव में फील्ड में उतरी। इस दौरान टीम ने नगूरां गांव में रेपिड फीवर मास सर्वे जागरूकता अभियान चलाया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि टीम ने 920 घरों का सर्वे करने के अलावा तथा बुखार संभावित 78 लोगों की रक्त पटिकाएं बनाई। बताया कि इस दौरान टीम ने होदी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, टायर, गमला, पक्षियों के पीने के पानी के कटोरे, छत पर पड़े नारियल के खोल, प्लास्टिक की बोतल आदि की जांच की। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि घर के आसपास गंदगी और पानी इक्कठा न होने दें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। स्वास्थ्य कर्मचारी सुभाष गोयत, संजय नागर, अनिल, कुलदीप, एएनएम सविता, दर्शना के अलावा आशा वर्कर सुनिता दलाल, गीता, सुनिता , पूनम, मुकेश आदि उपस्थित थी।

**खबर संक्षेप**



रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते तेजवीर।

## बाबू अनंतराम कालेज में रक्तदान शिविर लगाया

**ढांड।** बाबू अनंतराम जनता कालेज कौल में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व विधायक एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तेजवीर सिंह ने शिरकत की। तेजवीर सिंह ने स्वेच्छा से रक्तदान करने वालों को बैज लगाकर सम्मानित किया। रक्तदाताओं को संबोधित करते तेजवीर सिंह ने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। जीवन में इससे बड़ा कोई दान नही है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान की एक बूंद से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है।

## मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत एसएचओ थाना ढांड एसआई संजय कुमार की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा वर्ष 2020 दौरान के मारपीट मामले में उद्घोषित अपराधी गांव पबनावा निवासी अंकित को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी अंकित पर 4 अगस्त 2020 को अपने गांव के दो व्यक्तियों के साथ मारपीट करते हुए चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना ढांड में केस दर्ज है। आरोपी को उक्त मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी कोर्ट से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 23 अप्रैल 2025 को पीओ घोषित कर दिया था।

### डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से इंडोर स्टेडियम नामकरण का मामला

# अधिकारियों ने पहले प्रस्ताव को स्वीकार किया, लेकिन बाद में अस्वीकार कर दिया

*पार्षदों ने अविलंब प्रोसिडिंग को जब्त करते अधिकारियों और राजनैतिक साजिश रचने वालों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग, अधिकारियों ने हरियाणा पालिका एक्ट को दरकिनार करते नगर पालिका प्रोसिडिंग में लिखे गए प्रस्ताव को बिना वोटिंग के कर डाला अस्वीकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में संविधान निर्माता भारत रत्न डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से इंडोर स्टेडियम नामकरण की आड़ में महानविभूति के सम्मान और जन भावना को ठेस पहुंचाने का गंभीर मामला सामने आया है। इसकी पोल नगर पालिका पार्षदों ने खोली। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रोसिडिंग में बाबा साहब के नाम से इंडोर स्टेडियम प्रस्ताव को सहमति की मुहर लगाते हुए स्वीकृत किया गया। बाद रातों-रात अधिकारियों ने इस स्वीकार प्रस्ताव को अस्वीकार में तबदील का डाला। जबकि अधिकारियों ने नगर पालिका की प्रशासकीय व्यवस्था में जुड़े भारी भरकम बिलों के प्रस्ताव पर बिना चर्चा के स्वीकृति की मुहर लगा दी। इसमें निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए 26 जनवरी के योजन पर लाखों रुपए का खर्च,





कलायत नगर पालिका कार्यालय भवन

चुनाव प्रबंधन के लंबे-चौड़े बिल और अन्य कार्यों के अनाप-शनाप खर्च शामिल हैं। प्रोसिडिंग बुक में इस प्रकार की चौंकाने वाली कार्यवाही के खिलाफ पार्षदों ने प्रदेश सरकार के साथ-साथ शहरी स्थानीय निकाय निदेशक से बिना देरी के प्रोसिडिंग बुक को जब्त करते हुए जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। पार्षद कुमारी रेणू धानियां, उषा रानी, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, संजय सिंगला, महीपाल पंवार, निशा राणा और दूसरे पार्षदों ने बताया सोमवार को उन्होंने 16 अप्रैल को नपा में आयोजित साधारण बैठक कार्यवाही की सचिव पवन शर्मा से प्रमाणित प्रति प्राप्त की। इसके अध्ययन से प्रोसिडिंग बुक में व्याप्त गड़बड़ी उजागर हुई। हरियाणा के जिला कैथल की कलायत नगर पालिका में सदन की पहली बैठक की कार्यवाही पर खड़े हुए सवालों ने अधिकारियों को जांच के कटघरे में खड़ा कर दिया है।

**पीएम-सीएम की प्रेरणा से लिया फैसला**

*पार्षदों ने बताया कि 14 अप्रैल को कलायत नगर पालिका के पार्षदों, भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता, आम नागरिक और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई व सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में संविधान निमार्ता डा.भीम राव अंबेडकर के राष्ट्रीय गौरव के रूप में मनाए गए जयंती समारोह में शिरकत की थी। इसके उपरांत 16 अप्रैल को पार्षदों ने नगर पालिका कार्यकारिणी बैठक में इंडोर स्टेडियम का नामकरण डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से करने का प्रस्ताव रखा गया।*

### प्रस्ताव के पक्ष व विपक्ष में हुए मतदान का विवरण नहीं दे पाए सचिव

नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि सदन में इंडोर स्टेडियम नामकरण का प्रस्ताव प्रधान व पार्षदों की मौजूदगी में डाला गया। लेकिन यह नियम अनुसार सही नहीं था। इसलिए इसे अस्वीकार किया गया। प्रस्ताव के पक्ष व विपक्ष में किसी प्रकार के मतदान का वे कोई जवाब नहीं दे पाए। उनका कहना था कि प्रधान व पार्षद पार्षदों के प्रस्ताव लिख पाना संभव नहीं। यदि लिखने में विलंब हुआ तो इसमें कुछ गलत नहीं है। उन्होंने कार्यवाही पूरी करते हुए प्रोसिर्डिंग कार्यवाही को जिला पालिका आयुक्त कार्यालय में भेज दिया था।

## मोटापा निवारण योग शिविर संपन्न

**गुहला-चीका।** श्री विश्वकर्मा मंदिर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की शाखा शिखा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय मोटापा निवारण योग शिविर के छठे दिन समाजसेवी राकेश कंसल बॉबी भट्टे वाले ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे वर्षों से नियमित रूप से योग और प्राणायाम कर रहे हैं, जिससे उन्हें अनेक रोगों से मुक्ति मिली है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हर व्यक्ति को प्रतिदिन सुबह एक से दो घंटे योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए। योगाचार्य हरिओम ने साधकों को ओम के उच्चारण से प्रारंभ कर जोकिंग, योगिक सूर्य नमस्कार, खड़े होकर किए जाने वाले पांच आसनों, मोटापा कम करने वाले 16 विशेष आसनों तथा शुगर नियंत्रण हेतु 14 योगाभ्यासों का अभ्यास करवाया। बताया कि नियमित योग करने से मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत होती हैं और गंभीर रोग भी दूर होते हैं। चरण दास गुप्ता ने भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी तथा उदगीथ प्राणायाम का अभ्यास करवाया और बताया कि इनसे शरीर के अनेक रोग स्वतः समाप्त हो जाते हैं।

# कैथल में उजाला सिग्नस अस्पताल ने समय से पहले जन्मी कम वजन की बच्ची की बचाई जान

- चिकित्सकों ने सूझबूझ और तकनीक से बच्ची को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

उजाला सिग्नस अस्पताल ने बचाई समय से पहले जन्मी व कम वजन की बच्ची की जान। बता दें कि कैथल सिग्नस अस्पताल टीम की 45 दिन की कड़ी मेहनत और बच्ची की जान बचाने की लगन से बच्ची को बचाया गया। उजाला सिग्नस अस्पताल गुरप के वाइस प्रेजीडेंट डा. जसजीत सिंह ने बताया कि कैथल के एक दम्पति के हाल फिलहाल एक बच्ची ने जन्म लिया था। जिसका वजन मात्र 900 ग्राम



**कैथल।** उजाला सिग्नस अस्पताल कैथल से अलविदा लेती नन्हीं बच्ची चिकित्सकों व परिजनों के साथ। फोटो :हरिभूमि

था और समय से पहले बच्ची ने जन्म ले लिया था। परिवार द्वारा बच्ची को बचाने के हर सम्भव प्रयास किए गए लेकिन कोई उम्मीद की किरण दिखाई नहीं दी और परिवार तकरीबन हिम्मत हार चुका था लेकिन जैसे ही परिवार के लोगो को कैथल के सिगनस अस्पताल में सभी सुविधाओं से लेस नर्सरी का पता लगा तुरंत प्रभाव से बच्ची को एडमिट करवाया गया और उसका इलाज शुरू किया गया और 45 दिन के इस इलाज से और सिग्नस अस्पताल की टीम के द्वारा बच्ची को बचाया गया और बच्ची सकुशल अपने घर जा रही है। इसमें सिग्नस अस्पताल द्वारा बच्ची का केक काटा गया। बता दें कि समय से पूर्व जन्मी 900 ग्राम वजन के बच्चे के बचने की उम्मीद बहुत कम ही होती है लेकिन उजाला सिग्नस अस्पताल की चिकित्सक डा. रितु व अन्य चिकित्सकों ने अपनी सूझबूझ और तकनीक से बच्ची को मौत के मुंह से बाहर निकाला वह प्रशंसनीय है।

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खिलाड़ी को : कर्मबीर कौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

खेल में किसी प्रकार का द्वेष नही रखना चाहिए, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू होते है। खिलाड़ी को हार से कभी भी घबराना नही चाहिए,बल्कि भविष्य में खेल को और बेहतर ढंग से कैसे खेला जाए इस पर मंथन करें। उक्त विचार जिला परिषद कैथल के अध्यक्ष कर्मबीर ने कौल में गुरु ब्रह्मानंद वॉलीबॉल क्लब द्वारा आयोजित वालीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रतियोगिता में पबनावा की टीम प्रथम और अमीन की टीम ने



**ढांड।** विजेता टीम को पुरस्कार देते जिला परिषद अध्यक्ष कर्मबीर कौल।

द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि संस्थाओं द्वारा ग्रामीण आंचल में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इससे हमें अपने अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलता है। अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को कहा कि हमें खेल प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लेना चाहिए। खेलों से जहां हमारा शारीरिक विकास होता है वहीं सरकार खेलों में अव्वल स्थान हासिल करने वालों को सरकारी नौकरियां प्रदान करती है। प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने वाली टीमों को बधाई दी।

# चीका में भव्य निरंकारी संत समागम संपन्न

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका

सतगुरु माता सुदीक्षा की असीम कृपा से आज संत निरंकारी सत्संग भवन शाखा द्वारा चीका में एक विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करनाल से पधारे जोनल इंचार्ज सतीश हंस ने अपने प्रेरणादायक विचारों में कहा कि यह मानव जीवन 84 लाख योनियों से गुजरने के बाद प्राप्त हुआ है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। सतगुरु की सेवा, सिमरन और सत्संग के माध्यम से ही सच्चे ज्ञान की प्राप्ति संभव है। उन्होंने आगे कहा कि चाहे अंधकार कितने ही वर्षों का क्यों न हो, एक छोटी सी दीया सलाई भी उसे मिटा सकती है—उसी तरह गुरु ही ज्ञान का दीपक जलाते हैं। सतीश हंस जी ने मीरा बाई का उदाहरण देते हुए बताया कि जब मीरा को ज्ञान की अनुभूति हुई, तो वह गली-गली जाकर कहने लगी—/"पायो जी मैंने राम रतन धन पायो, वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु कृपा कर अपनायो।/" समागम में पंजाब से सुप्रसिद्ध गीतकार पप्पी लुधियाना, अमृतसर से मलकीत धुरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# फरार पूर्व जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत पर पुलिस ने रखा पचास हजार रुपये का इनाम

- स्टेट क्राइम ब्रांच ने डीएसपी की अगुवाई में आरोपी के घर पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कुरुक्षेत्र जेल के पूर्व अधीक्षक सोमनाथ जगत को गिरफ्तार करने के लिए स्टेट क्राइम ब्रांच ने सोमवार को सीवन थाना क्षेत्र के गांव पोलड स्थित डेरा दिलू राम स्थित उनके घर पर दबिश दी। डीएसपी सुरेंद्र के नेतृत्व में चार गाड़ियों में आए करीब



दो दर्जन पुलिसकर्मियों ने घर की तलाशी ली, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आया। सोमनाथ पर गंभीर आरोपों के चलते 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।आरोप है कि उन्होंने जेल अधीक्षक रहते जेल मैन्युअल का उल्लंघन करते हार्ड कोर अपराधियों से बिना रजिस्टर में प्रविष्टि किए मुलाकात की अनुमति दी। साथ ही उन्होंने गैंगस्टरों को फोन के इस्तेमाल की छूट भी दी। इनमें से एक गैंगस्टर शमशेर सिंह उर्फ मोनू राणा है, जो जेल में बंद रहते नकली शराब बनाने की साजिश में शामिल था। इस साजिश के चलते बनी जहरीली शराब से 20 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। सोमनाथ ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया। इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का एक लाख 92 हजार 881 व्यक्ति ले रहे लाभ

- जिले में एक लाख 18 हजार 129 बुढ़ापा, नौ हजार 522 दिव्यांग तथा 47 हजार 684 विधवा पेंशन के लाभार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में सामाजिक सुरक्षा के तहत सरकार द्वारा विभिन्न तरह की योजनाओं में जिले के कुल एक लाख 92 हजार 881 लोगों को पेंशन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा के तहत प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का मकसद समाज के गरीब परिवारों के बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा महिला, विधुर, अविवाहित, निराश्रित, कैंसर पीड़ित आदि को सरकारी सहायता उपलब्ध करवाकर आर्थिक मदद और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन समाज कल्याण विभाग की देखरेख में होता है। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के विभिन्न लाभ पात्रों को विभिन्न दरों पर मासिक पेंशन मिलती है। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा पांच मई को जारी रिपोर्ट के अनुसार एक लाख 18 हजार 129 लोगों को वृद्धावस्था, नौ हजार 522 लोग दिव्यांग तथा 47 हजार 684 विधवा महिलाओं को तीन हजार रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है। वहीं 14 हजार 432 बच्चों को 2100 रुपये मासिक निराश्रित पेंशन दी जा रही है। लाडली योजना के तहत 1909 लाभार्थी, स्कूल न जाने वाले 737 दिव्यांग बच्चे, 8 बौने व्यक्ति, 191 विधुर एवं अविवाहित व्यक्ति, 286 कैंसर मरीजों को भी अलग अलग दर पर पेंशन दी जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुदेश कुमार ने बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत परिवार पहचान पत्र में 60 वर्ष की आयु होते ही पेंशन शुरू कर दी जाती है।

# धूमधाम से मनाया मां बगलामुखी जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी की चीमा कॉलोनी स्थित माँ बगलामुखी धाम में माँ बगलामुखी का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित 51 घंटे के अखंड महायज्ञ में सोमवार को विधिवत पूर्णाहुति डाली गई।

यज्ञ में हरियाणा सहित दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आहुतियां



पूंडरी। पूंडरी में चल रहे माँ बगलामुखी अखण्ड महायज्ञ में पूर्णाहुति डालते श्रद्धालु।

अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। धाम प्रबंधक एवं यज्ञाचार्य आचार्य राजीव कौशिक के नेतृत्व में संपन्न हो रहे इस महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्री महंत रुद्रपुरी जी, सेरधा बाबा बिशनपुरी, महंत स्वामी शिवगिरि जी सहित कई संत-महात्माओं की विशेष उपस्थिति रही। आचार्य राजीव कौशिक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपूर्ण विधि-विधान से अग्निहोत्र संपन्न कराया। आचार्य राजीव कौशिक ने माँ बगलामुखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माँ बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें वाक सिद्धि और शत्रु निवारण की देवी माना जाता है। माँ की उपासना से शत्रुओं का नाश, वाणी पर नियंत्रण तथा मानसिक शांति प्राप्त होती है।

## परशुराम जयंती शीघ्र ही पूंडरी में हल्का स्तर पर भव्य रूप में मनाई जाएगी: हरीश लाल

**पूंडरी।** हल्का पूंडरी ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ढांड रोड स्थित हरीश लाल शर्मा के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में भगवान परशुराम जयंती को समाज के सामूहिक सहयोग से भव्य रूप से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। पूर्व निर्धारित 8 मई और 11 मई को होने वाले जन्मोत्सव कार्यक्रमों को स्थगित करते हुए यह तय किया गया कि अब यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की नई तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। समाज का उद्देश्य भगवान परशुराम के जीवन मूल्यों और आदर्शों को अधिक प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुंचाना है। बैठक में समाज के अनेक प्रमुख प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में पूर्व सरपंच सुनील बदनारा, पूर्व ब्राह्मण सभा अध्यक्ष अशोक सिरसल, जिला पार्षद मुनीष शर्मा, भाजपा नेता कृष्ण शर्मा पिलनी, कृष्ण शर्मा सांच, हरीश शर्मा पूंडरी, सुरेंद्र शर्मा चन्दलाना, प्रदीप शर्मा फतेहपुर, राजेश शर्मा फतेहपुर, जयपाल शर्मा फरल, रविंद्र शर्मा सिरसल तथा जयदेव शर्मा पिलनी शामिल रहे।समाज के इस सामूहिक निर्णय का उपस्थित सभी लोगों ने स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## विधायक की बढ़ी लोकप्रियता से उड़ रही विरोधियों की नींद : भगवानदास बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा नेता भगवानदास बंसल व उनके भाई बलराज बंसल ने संयुक्त ब्यान में कहा कि पूंडरी भाजपा विधायक सतपाल जांबा की बढ़ रही आमजन में लोकप्रियता से विरोधियों की रातों की नींद उड़ गई है। विकसित पूंडरी का जो वायदा पूंडरी हलके की जनता से किया था उसे पूरा करने का काम विधायक करेंगे। विकसित पूंडरी के पथ पर आज हलका अग्रसर है। 1 हजार करोड़ से अधिक की राशि के काम पूंडरी हलके में चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूंडरी में राजनीति के मायनों को बदलने का काम विधायक ने किया है। गरीब आदमी को गले लगा कर उसकी समस्याओं को सुन उसका समाधान करने वाला पहला



विधायक सतपाल जांबा के साथ भगवानदास बंसल व बलराज बंसल।

विधायक पूंडरी हलकावासियों को मिला है। पहले विधायक से मिलने के लिए हजारों रुपए खर्च करके दिल्ली, चंडीगढ़ जाकर लाइनों में लगना पड़ता था। अब वह खुद लोगों से मिलने के लिए उनके पास आ रहा है।

# किठाना पब्लिक स्कूल की छात्रा को हाई किक स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव किठाना के किठाना पब्लिक स्कूल की छात्रा ने हाई किक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का दिल जीत लिया। इस दौरान गांव के सरपंच सुनील कुमार छात्रा को 5100 रुपए की नक्द राशि देकर सम्मानित किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास ढांडा ने छात्रा को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह भी इसी प्रकार अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें। विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन ढांडा ने अपने ने कहा हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय



**राजौंद।** होनहार छात्र को सम्मानित करते गांव के सरपंच सुनील व साथ खड़े स्कूल स्टाफ सदस्य।

में ऐसी होनहार छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। विद्यालय के चेयरमैन रामफल ढांडा ने छात्रा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उसे भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। एमडी विकास ढांडा ने छात्रा को ट्रॉफी भेंट की और छात्रा को शुभकामनाएं दी।

**सूचना**

मैं, शीला देवी पत्नी स्व. श्री महाबीर निवासी गांव सुन्दरपुर बराह कलां, जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पाडला द्वारा डिलसर वाला तालाब व शिव मंदिर वाला तालाब की मछली पालन हेतु बोली दिनांक 15-05-2025 को गांव की महाराणा प्रताप चौपाल में प्रातः 11:00 बजे करवाई जाएगी। जिसमें बतौर सिक्योरिटी 50 हजार रुपये लिए जाएंगे। बाकी बोली की शर्तें व नियम मौके पर बता दी जाएंगी।

रामभज सरपंच 8814090492 — गुरदीप ग्राम सचिव 9992684966

**न्यायालय तहसीलदार -कम- सब-रजिस्ट्रार जींद।**

**मनके सतपाल सिह उर्फ सतपाल सिह गिल पुत्र श्री बक्शी राम निवासी गॉव इंटल खुर्द तह० व जिला जीन्द।**

**बनाम जरनल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी स्व० श्री बक्शीराम पुत्र श्री रिसाल सिंह निवासी गॉव ईन्टल खुर्द तहसील व जिला जीन्द ने एक वसीयत नम्बर 302 दिनांक 11.02.2002 कार्यालय सब-रजिस्टरार जीन्द में पंजिकृत करवाई थी। मेरे पिता जी स्व० श्री बक्शी राम वसीका नम्बर 1275 दिनांक 29.06.1987 के अनुसार मालिक व काबिज थे। जिसमें से रकबा 218 वर्गगज की मालकियत व वसीयतनामा अनसुार मेरे नाम दर्ज की थी ओर शेष 54 वगंगज का समभाग प्रत्येक 18 वर्गगज 1. सतबीर सिह 2. लाभ सिह 3. कंवर सिह पुत्रान स्व० श्री बक्शीराम के नाम दर्ज है। अब मै उक्त अपने हिस्सा 218 वर्गगज जमीन को अपने नाम (सतपाल सिह उर्फ सतपाल सिह गिल) करवाना चाहता हूँ। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भो प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उक्त वसीयत अनुसार जमीन नाम करवाने बारे किसी को कोई शक या कोई एतराज हो तो व स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 05-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, जींद

## खबर संक्षेप



### एसएमओ ने ली दवा विक्रेताओं की बैठक

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राजौंद क्षेत्र के सभी दवा विक्रेताओं की बैठक डाक्टर संदीप की अध्यक्षता में हुई। जिसमें डाक्टर संदीप ने बताया कि आप सभी अपनी दुकानों पर ऐसी कोई भी दवाई न रखें जिससे गर्भपात हो सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई दवा विक्रेता ऐसी दवाईयां बेचता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।मीटिंग में भाग लेने वाले सभी दवा विक्रेताओं ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी कोई भी प्रतिबंधित दवा नहीं बेचेंगे जिससे गर्भपात हो सके। अगर फिर भी कोई दवा विक्रेता ऐसी दवाई बेचेगा तो उसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को देंगे। इस दौरान डा संदीप सिंह द्वारा सभी को ऐसी दवाईयां न बेचने की शपथ दिलवाई।

### चीका के अवतार जजपा जिलाध्यक्ष नियुक्त

**गुहला चीका।** जननायक जनता पार्टी ने चीका के वरिष्ठ ने अवतार सीड़ा को पार्टी के जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। पार्टी हाईकमान द्वारा आज कुछ जिलाध्यक्षों की सूचि जारी की गई, जिसमें अवतार को जिला कैथल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर अवतार ने डा. अजय चौटाला व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार जताया है। दूसरी तरफ चीका के अवतार की जिला प्रधान के तौर पर हुई ताजपोशी से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।



### पूर्व सैनिक लेंगे नशामुक्ति अभियान शिविर में भाग

**कैथल ।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल में 7 मई दोपहर 1:30 बजे से 9 मई तक जिला कैथल प्रशासन एवं जिला पुलिस विभाग द्वारा लगाए जाने वाला नशा मुक्ति शिविर जिसकी मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी जी होगी। इस शिविर में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल भी अपनी भागीदारी दर्ज करवाएगी। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के लिए शिविर में भाग लेंगे।



### तीन दिवसीय निशुल्क नशा मुक्ति कैंप 7 से

**कैथल।** नशा मुक्ति अभियान तहत एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार 7 से 9 मई तक पुलिस व सिग्नस अस्पताल कैथल के सहयोग से जाखोली अड्डा कैथल स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क नशा मुक्ति केम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसके दौरान 2 से 5 बजे तक सिग्नस अस्पताल कैथल के डॉक्टरों द्वारा नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को निशुल्क दवा दी जाएगी। नशा छोड़ने के इच्छुक निशुल्क दवा ले सकते हैं।

## जिले में कुल 110 खेल नर्सरियां, 82 निजी और 28 सरकारी

# खिलाड़ियों को डाइट और कोच को नहीं हुआ पिछले साल का भुगतान

विभाग ने खिलाड़ियों व कोच की जानकारी मांगी, जल्द ही राशि मिलेगी : रामपाल हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले की खेल नर्सरियों में तैयारी करने वाले खिलाडिय़ों को पिछले साल की डाइट अभी तक नहीं मिली है और न ही कोच का भुगतान हुआ है। पिछले साल जिले में कुल 110 खेल नर्सरियां थी, जिसमें 82 निजी और 28 सरकारी खेल नर्सरियां अलॉट थी। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। जबकि इस साल के सत्र में भी सरकारी खेल नर्सरियां तो अलॉट हो चुकी हैं और निजी खेल नर्सरियां अलॉट होना बाकी हैं। खेल विभाग की तरफ से आठ से 14 वर्ष के खिलाडिय़ों को 1500 रुपये और 15 से 19 वर्ष के खिलाडिय़ों को दो हजार की राशि दी जाती है। ऐसे में खिलाड़ी और कोच राशि आने का इंतजार कर रहे हैं।



जींद। खेल नर्सरी में अभ्यास करते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### इन पंचायतों को मिली खेल नर्सरी

: राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईगराह-एथलेटिक्स
: राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीबीपुर-फुटबॉल
: खेल युवा संगठन लिजवाना कलां-कुश्ती
: ग्राम पंचायत रामराय-स्वीमिंग
दनौदा खुर्द-जुडो
ग्राम पंचायत देवरड़-बॉक्सिंग
कालवा स्पोट्र्स अकादमी-बॉक्सिंग
ग्राम पंचायत बड़ौदी-एथलेटिक्स
ग्राम पंचायत ढाकल-कुश्ती
ग्राम पंचायत खरकरामजी-कबड्डी
हथवाला स्टेडियम-कबड्डी
मिनी स्टेडियम अकालगढ़-कबड्डी
ग्राम पंचायत करेला-एथलेटिक्स
ग्राम पंचायत उझाना-एथलेटिक्स
ग्राम पंचायत जैजैवान-एथलेटिक्स
ग्राम पंचायत ढाकल-एथलेटिक्स
नगर परिषद नरवाना-आर्चरी
ग्राम पंचायत उझाना-फु टबॉल
ग्राम पंचायत झमौला-कबड्डी

### स्कूल का नाम-खेल

राजकीय हाई स्कूल पांडू पिंडारा-बॉक्सिंग
राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगूरां-कुश्ती
राजकीय हाई स्कूल डूमरखां कलां-फुटबॉल
राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रूपगढ़-जीतगढ़-आर्चरी
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां-आर्चरी
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां-फु टबॉल
राजकीय स्कूल पोंकरी खेड़ी-कबड्डी
भगत सिंह स्पोट्र्स अकादमी-कुश्ती
राजकीय मिडिल स्कूल अशरफ गढ़-हैंडबॉल
राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुलाना-बास्केटबॉल
राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गतौली-बास्केटबॉल
पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर-एथलेटिक्स
शहीद राममेहर सीनियर सेकेंडरी स्कूल भौंगरा-वुशू
आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल घसो खुर्द-बॉक्सिंग
राजकीय मिडिल स्कूल जुल्हेड़ा-कबड्डी
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां-वालीबॉल
राजकीय मिडिल स्कूल ईगराह-नेटबॉल
राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सफीदों-हॉकी
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिफेंस कॉलोनी-बास्केटबॉल
राजकीय मिडिल स्कूल गोसाईंखेड़ा-वुशू
राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईगराह-कुश्ती
राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईगराह-कबड्डी
राजकीय कन्या हाई स्कूल बीबीपुर-हैंडबॉल
राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सफीदों-वेटलिफ्टिंग
राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल उझाना-वॉलीबॉल
राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरवाना-हॉकी
राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामराय-स्वीमिंग
आरोही मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हसनपुर-कुश्ती
राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखां-फुटबॉल
राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल डुमरखां खुर्द-हॉकी

### जानकारी मांगी है, जल्द ही मिलेगी राशि

खेल विभाग की ओर से पत्र आया है। विभाग ने खिलाडिय़ों और कोच की जानकारी मांगी है। जिन्हें डाइट राशि या कोच को भुगतान नहीं हुआ है। जल्द ही जानकारी एकत्रित कर विभाग को भेज दी जाएगी। इसके बाद उम्मीद है कि जल्द ही राशि आ जाएगी। *-रामपाल हुड्डा, जिला खेल अधिकारी जींद*



जींद। शहर में प्रदर्शन करते हुए इनेलो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## रोके गए पानी के विरोध में इनेलो ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब सरकार की ओर से हरियाणा प्रदेश के लिए रोके गए पानी के विरोध में इनेलो कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। बाद में कार्यकर्ताओं ने पंजाब सरकार का पुतला फूंका और एडीसी विवेक आर्य को ज्ञापन सौंपा। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि पंजाब विभाजन के समय जब हरियाणा का गठन हुआ उस समय पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान का हिस्सा तय किया गया था। इसके सही संचालन की जिम्मेदारी बीबीएमबी को दी गई थी, जोकि अपनी जिम्मेवारी को निभा रहा है। 23 अप्रैल को बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें हरियाणा को साढ़े आठ हजार क्यूसेक पानी देने का फैसला भी हुआ, लेकिन पंजाब की सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए फैसले को मानने से इंकार कर दिया और असंवैधानिक तरीके से पानी को रोक लिया गया। इनेलो इसकी घोर निंदा करती है ओर पंजाब सरकार को चेताती है कि हरियाणा ऐसे दबाव और अन्याय को सहन नहीं करेगा और अपना हक लेकर रहेंगे। भाजपा से भी वह उम्मीद करते हैं कि अपने राजधर्म को निभाए। सुप्रीम कोर्ट जाना कोई समाधान नहीं। एसवाईएल मामले में सुप्रीम कोर्ट पूर्व सीएम स्व. ओमप्रकाश चौटाला के प्रयासों से 2002-2004 में हरियाणा के पक्ष मे फैसला दे चुकी है, लेकिन उस समय की कांग्रेस सरकार उसको लागू नहीं करा सकी। 2016 में फिर सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के पक्ष में फैसला दिया। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में भाजपा की सरकार होने के बावजूद फैसले को लागू नहीं करवा पाई। पूर्व विधायक रामफल कुंडू व जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने कहा कि जिला जींद इकाई इस लड़ाई में अग्रिम भूमिका निभाएगी।

## कांग्रेस नेता लोगों को भड़काने का प्रयास न करें : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो चुका है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जल बंटवारे के मसले पर ओछी राजनीति कर रहे हैं। यह भी जग जाहिर हो चुका है कि पंजाब के मुख्यमंत्री अपनी ही घोषणा से मुकर रहे हैं। हरियाणा व पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने आये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुद ही यह घोषणा की थी पंजाब द्वारा हरियाणा व दिल्ली को पूरा पानी दिया जाएगा। यही नहीं माननीय सुप्रीम कोर्ट में भी पंजाब सरकार ने यह दलील दी थी कि वह एसवाईएल नहर बनाने के लिए तैयार है, लेकिन पंजाब के किसान एसवाईएल का निर्माण नहीं करने दे रहे। अब पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा गैर कानूनी तरीके से हरियाणा का पानी रोकना उनके दोहरे चरित्र को प्रमाणित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस गंभीर मसले को बातचीत के जरिये सुलझाने का भरसक प्रयास कर रही है।



कर्मवीर सैनी

जाहिर हो चुका है कि पंजाब के मुख्यमंत्री अपनी ही घोषणा से मुकर रहे हैं।

### तनाव पैदा करना चाह रहा पंजाब

सैनी कहा कि आज हर देशवासी जानता है कि पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारत व पाक की सीमाओं पर तनाव बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी केंद्र सरकार इस पर गंभीर है। लेकिन कांग्रेस नेता हरियाणा व पंजाब के लोगों के बीच भी अवांछित तनाव पैदा करना चाह रहे हैं। प्रदेश की जनता यह भी जानती है कि यह जल विवाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी की मिलीभगत का परिणाम है। सभी को मालूम है कि कांग्रेस व आम आदमी पार्टी अतीत में मिलकर चुनाव लड़ चुकी हैं। अब पंजाब में राजनीतिक फायदा के लिए यह जल विवाद किया गया।

## खाप-पंचायत, किसान संगठन हरियाणा सरकार के साथ : टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्व खाप किसान संगठन व जनकल्याण मंच की एक अहम बैठक राष्ट्रीय मुख्यालय कंडेला में राष्ट्रीय संयोजक टेकराम कंडेला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के पीने के पानी में जो कटौती की है उसकी पूरी तरह से निंदा की। टेकराम कंडेला ने कहा कि हरियाणा का जो पानी का हक है उसमें वह हरियाणा सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिन हरियाणा के विधानसभा में खाद बीज व नकली दवाइयां पर कार्यवाही करने का जो कानून बनाया है यह सरकार का एक सराहनीय कदम है। जिसे प्रदेश के किसानों का फायदा होगा। प्रदेश में नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथान यात्रा को लेकर पंचायतें सरकार का पूरा सहयोग करेंगी और नशे को रोकने के लिए प्रचार करेंगे।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए सर्व खाप किसान संगठन व जनकल्याण मंच के पदाधिकारी।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 15 मई तक करें पंजीकरण : डीसी प्रीति

हरिभूमि न्यूज.कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका भी अपना पक्का घर हो। जरूरतमंद लोगों के इस सपने को साकार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। भारत सरकार द्वारा योजना का लाभ लेने के लिए आवास प्लस पोर्टल खुला हुआ है। कोई भी पात्र परिवार पोर्टल पर जाकर 15 मई तक पंजीकरण कर सकता है। डीसी प्रीति ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक आवासहीन परिवार को एक पक्का आवास मुहैया करवाना है। सरकार व जिला प्रशासन हर सिर को छत देने के लिए प्रतिबद्ध है। अपना आवास मिलने के बाद व्यक्ति पूरे उत्साह के साथ काम करेगा। इस योजना के तहत तीन किस्तों में एक लाख 38 हजार रुपये दिए जाते है। पहली किस्त के रूप में 45 हजार रुपये, दूसरी 60 हजार तथा तीसरी किस्त के रूप में 33000 रुपये मिलेंगे।

## हमले के विरोध में एसएमओ को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एनएचएम सांझा मोर्चा जिला जींद के बैनर तले सभी सीएचसी पर एसएमओ के माध्यम से सिविल सर्जन के नाम ज्ञापन सौपा गया। सांझा मोर्चा अध्यक्ष गौरव सहगल और सुनीता अलीपुरा ने कहा कि पिछले दिनों सीएचसी कालवा पर एनएचएम के तहत कार्यरत एंबुलेंस चालक रमेश एक जच्चा को सफीदों लेकर जा रहा था। सफीदों नहर पर एक ट्रक चालक ने एंबुलेंस का रास्ता रोका और उस पर तेजधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। फिर भी चालक ने अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए जच्चा को सुरक्षित सफीदों अस्पताल पहुंचा दिया।



जींद। मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

## एसपी आस्था मोदी ने किया थाना गुहला चीका व सीवन व चौकियों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मंगलवार को एसपी आस्था मोदी द्वारा थाना गुहला, चीका व सीवन तथा चौकी रामथली, महमुदपुर, भागल व संगतपुरा का निरीक्षण किया गया। थाना व चौकियों का निरीक्षण करते हुए एसपी ने थाना की बिल्डिंग, सीसीटीएनएस एवं कंप्यूटर कक्ष, महिला हैल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण करके निर्देश देते हुए कहा कि थाना में पुराने रिकॉर्ड को अच्छी तरीके से रखरखाव रखें। उन्होंने थाना में थाना प्रबंधक के कार्यालय सहित थाना परिसर, चौकी परिसर, मैस, बेरक, हवालात की जांच भी की।



## अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही दयालु योजना

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। डीसी प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत मृतक व्यक्ति की 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए। परिवार के द्वारा मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता की स्थिति में घटना की तिथि से तीन महीने के भीतर आवेदन करना होगा। आयु अनुसार बात करें तो छह से 12 वर्ष तक की आयु के लिए एक लाख रुपये, 12 से 18 वर्ष तक की आयु के लिए दो लाख रुपये, 18 से 25 वर्ष तक की आयु के लिए तीन लाख रुपये, 25 से 45 वर्ष तक की आयु के लिए 5 लाख रुपये तथा 45 से 60 वर्ष तक की आयु के लिए 3 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति की को वैबसाईट पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके बाद पीपीपी आईडी नंबर दर्ज करें और गेट ओटीपी पर क्लिक करें। ओटीपी दर्ज करने के बाद उसे सबमिट करें। इसके बाद परिवार के सदस्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआइए स्टाफ नरवाना ने निजी स्कूल मोड के निकट एक महिला को काबू कर उसके कब्जे 11.75 ग्राम हेरोईन तथा 23850 रुपये की नकदी को बरामद किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआइए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि नीजि स्कूल मोड पर एक महिला ग्रे कलर के बैग के साथ खडा हुई है। जिसके पास नशीला पदार्थ है। जो नशे को बेचने के लिए ग्राहको का इंतजार कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला पुलिस कर्मियो के सहयोग से महिला को काबू कर लिया। महिला के बैग की तलाशी तो उसमे 11.75 ग्राम हेरोईन तथा 23850 रूपए की नगदी बरामद हुई। पुलिस पूछताछ मे पकडी गई महिला की पहचान मूलत रोहतक हाल चमेला कालोनी नरवाना निवासी शर्मिला के रूप मे हुई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।




## विदेश भेजने का झांसा देकर सवा 16 लाख हड़पने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने दो युवकों को आस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दे लगभग सवा 16 लाख रुपये हड़पने के दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव करसिंधू निवासी अजय तथा गांव छातर निवासी सुरेश ने 13 फरवरी 2021 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वे उचाना में कोचिंग सेंटर चलाते है। लगभग एक साल पहले उनका संपर्क सिल्वर सिटी झिरकपुर निवासी तनीषा सिंह से हुआ। तनीषा ने बताया कि वे युवकों को विदेश भेजते है और उनका वीजा लगवाते हैं। वे भी विदेश भेजने का काम शुरु कर सकते हैं। तनीषा ने उन्हें दीपक तथा राजबीर वर्मा से मिलवाया। उनके जानकार विक्रांत तथा रजत को आस्ट्रेलिया भेजने के लिए कहा गया। जिसकी एवज में उन्होंने 16 लाख 20 हजार रुपये ले लिए।

### बाल वाटिका व प्राइमरी स्कूलों के लिए 59 पैसे और अप्पर प्राइमरी के लिए 88 पैसे बढ़ाए

# मिड डे मील के लिए मिलने वाली डाइट में इजाफा

विद्यार्थियों को गेहूं, चावल और 20 से 30 ग्राम दूध प्रतिदिन शामिल किया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय स्कूलों में बालवाटिका से लेकर आठवीं कक्षा तक मिलने वाले मिड डे मील के लिए मिलने डाइट में इजाफा किया गया है। एक मई से बाल वाटिका और प्राइमरी विद्यालयों के लिए प्रति विद्यार्थी 6.19 रुपये से बढ़ाकर 6.78 रुपये डाइट की गई है। इसी तरह उच्च प्राइमरी छात्रों के लिए 9.29 रुपये से बढ़ाकर 10.17 रुपये डाइट की गई है। बाल वाटिका और प्राइमरी विद्यालयों के लिए 59 पैसे और अप्पर प्राइमरी के लिए 88 पैसे डाइट बढ़ाई गई है।

विद्यार्थियों को गेहूं, चावल और 20 से 30 ग्राम दूध प्रतिदिन शामिल किया गया है। इस योजना को लाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन देना और उनकी स्वस्थ दिनचर्या का ध्यान रखना है। मिड डे मील योजना के तहत राजकीय विद्यालय में पढऩे वाले विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के आहार प्रदान किया जाता है। इसमें राजमा चावल, पूरी, पकौड़ी चावल, हलवा, काला चना, पराठा, मीठा दलिया, सोया पुरी से लेकर फल और दूध विद्यार्थी के डाइट में शामिल है।



जींद। राजकीय स्कूल में भोजन करते हुए छात्राएं।

### शेड्यूल जारी किया

विद्यालयों में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मिड डे मील की राशि में बढ़ोतरी की गई है। इससे साथ ही महीने भर का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। एक मई से प्रति बच्चा बाल वाटिका और प्राइमरी विद्यालयों के लिए 6.19 रुपये से बढ़ाकर 6.78 रुपये डाइट और उच्च प्राइमरी में 9.29 रुपये से बढ़ाकर 10.17 रुपये डाइट की गई है। *-राजपाल देशवाल, खंड शिक्षा अधिकारी, जींद*

## मां भद्रकाली व गुरु गोरखनाथ महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद गुगा मेड़ी के प्रांगण में मां भद्रकाली व गुरु गोरखनाथ जी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने पहुंच कर भाग लिया। इससे पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया व पूरे नगर की परिक्रमा करवा कर मूर्तियों की विधिवत रूप से स्थापना करवाई गई। जाहरवीर गोगा मेडी समिति के प्रधान अमन राणा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से यहां पाठ का आयोजन किया जा रहा था। जिसमें विधिवत रूप से ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन पूजा हवन का आयोजन चलता रहा। मंगलवार को विधीवत रूप से भद्रकाली माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई वहीं पिछले कई दिनों से बन रहे गुरु गोरखनाथ के मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर गुरु गोरखनाथ जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई है। इसके अलावा हवन यज्ञ का आयोजन हुआं जिसमें नगर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विधिवत रूप से हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।



कैथल। मूर्ति स्थापना से पूर्व हवन यज्ञ में भाग लेते हुए नागरिक।